जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण से हुआ शिव का मिलन

ढोल ताशों के साथ आदिवासी नृत्य की दी प्रस्तुति

दबंग दुनिया ♦ मण्डलेश्वर

नगर के पेशवाकालीन मंदिर काशी विश्वनाथ की शाही सवारी सोमवार को नगर भ्रमण पर निकली। इस ऐतिहासिक मंदिर में विराजित भगवान काशी विश्वनाथ का नगर भ्रमण एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। एक दिन पूर्व भगवान काशी विश्वनाथ के विग्रह को नर्मदा में नौका विहार करवाया गया, जिसके बाद भगवान का जनवासा नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे के घर लक्ष्मी सागर निवास पर दिया गया। यहां भगवान को भोग लगाने के बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर भगवान की शाही सवारी पालकी यात्रा निकाली गई, जिसकी शुरूआत लक्ष्मी सागर निवास से हुई। यहां से भगवान काशी विश्वनाथ को एक पालकी में बिठाकर नर्मदा किनारे स्थित टोकेश्वर महादेव मंदिर ले जाया गया। आरती के बाद भगवान काशी विश्वनाथ की शाही सवारी का शुभारंभ हुआ।

नर्मदा पूजन के बाद भगवान की पालकी काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंची, जहां से महाआरती के बाद नगर भ्रमण पर निकली। मंदिर के बाहर पहुंचते ही शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक मंडलेश्वर के एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी अधिकारी राकेश बारिया के नेतृत्व में भगवान काशी विश्वनाथ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद पालकी यात्रा जेल रोड, अम्बेडकर भवन, कसरावद रोड, कीटन बाजार होते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां यात्रा का स्वागत किया गया। यह यात्रा नगर के मुख्य मार्ग एमजी रोड होते हुए घण्टाघर पहुंची, जहां शिव-शक्ति मिलन का आयोजन हुआ, जिसमें भगवान शिव का मां दुर्गा से मिलन कराया गया। इसके बाद नर्मदा किनारे स्थित राधा कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर शिव-कृष्ण का मिलन हुआ, जहां जन्माष्टमी का कार्यक्रम भी हुआ। यात्रा का समापन काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान की महाआरती के साथ हुआ।

झांकियों और ढोल-ताशों के बीच सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

काशी विश्वनाथ की शाही सवारी का मुख्य आकर्षण चलित झांकियां रहीं। इन झांकियों में मंडनेश्वर शिवालय, जालेश्वर शिवालय, टोकेश्वर मंदिर, छत्र गणेश्वर मंदिर की चलित झांकियों के अलावा बाबा बफार्नी, खाटू श्याम, कालिका माता, भोलेनाथ, नन्दी, भगवान परशुरामजी, एवं गणगौर नृत्य की प्रस्तुति एवं गुजरी के अखाड़े के करतब विशेष आकर्षण रहे। यात्रा के दौरान गोरक्षा प्रमुख किशोर तकन बाबा, जिला गोरक्षा प्रमुख मनोज केवट, विभाग समरसता प्रमुख जितेंद्र वर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष कमल जायसवाल, रिंकुजी एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा लाउडस्पीकर से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। संपूर्ण यात्रा में उज्जैन, महेश्वर के ढोलक ग्रुप, बुरहानपुर के ताशे, बिखरौन, धामनोद, कसरावद, धरमपुरी के बैंड की मधुर धुन ने नगर को भक्ति के रस में सराबोर कर दिया।

शाही सवारी का भव्य स्वागत

पुलिस चौकी के पास भाजपा की ओर से विधायक राजकुमार मेव, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य ब्रह्मदत्त चौहान, मण्डल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार, नवीन अग्रवाल, हरि प्रसाद अग्रवाल, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि व अजा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष हरि गाडगे, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष लोकेश केवट, पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ. अमित पाटीदार, मण्डल मीडिया प्रभारी भरत राठौड़, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र कुमार जैन, मण्डल उपाध्यक्ष सीताराम ठाकुर, मण्डल महामंत्री संदीप हिरवे, मण्डल उपाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, समाजसेवी कुलदीप पटेल, गोविंद सेप्टा, गबु जैन, राजेश पंवार, नीलेश जैन, गोलु मामा पाटीदार, सचिन पाटीदार, पवन अग्रवाल, लोकेश कुमरावत, समीर जैन, व्यापारी संघ अध्यक्ष विजय पाटीदार सहित सभी ने भगवान काशी विश्वनाथ का पूजन किया।

राजकुमार मित्र मंडल द्वारा स्वागत

बालाजी ग्रुप मंडलेश्वर एवं राजकुमार मेव मित्र मंडल द्वारा कसरावद फाटे पर लड्डू गोपाल की आकर्षक झांकी बनाई गई, जहां मंच से काशी विश्वनाथ की सवारी का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। विधायक राजकुमार मेव, विवेक भटोरे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शर्मा, पार्षद नितिन पाटीदार, शंकर पाटीदार, विक्की पाटीदार, राजू कुशवाह, यशवंत वर्मा, कामेंद्र पाटीदार, पूर्व पार्षद चेतन राठौर, मनोज पाटीदार, नुरू पाटीदार ने शाही सवारी का स्वागत किया। नगर परिषद की ओर से नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, सीएमओ शिवाजी आर्य, समाजसेवी रत्नदीप मोयदे, उपाध्यक्ष ज्योति गाडगे, पार्षद कमलेश भार्गव, मुजीब मोंटी कुरेशी, अनिल वर्मा, श्रीमती रुपाली ब्रह्मदत्त चौहान ने भगवान का पुष्पवर्षा कर पूजन किया। बस स्टैंड पर ओमप्रकाश अग्रवाल, राहुल केड़िया, पूर्व व्यापारी संघ अध्यक्ष अनिल पाटीदार, राजेश अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल एवं पत्रकार संघ मंडलेश्वर संरक्षक महेंद्र कुमार जैन, अध्यक्ष भरत राठौर, कार्यवाहक अध्यक्ष राजेश पंवार, बंटी ठाकुर, ताहिर कुरैशी, कमलसिंह ठाकुर, प्रशांत कौशल, निलेश जैन, महासचिव समीर जैन, सचिव जितेंद्र तंवर, लोकेश केवट, अक्षय सिंह कुशवाह ने भी पालकी पूजन किया।

सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

काशी विश्वनाथ की शाही यात्रा के सुचारू संचालन के लिए पुलिस प्रशासन ने दो दिन पहले ही विशेष बैठक कर रोड मैप बनाकर बेहतर व्यवस्था की। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए थाना प्रभारी दीपक यादव की टीम पूरे नगर पर नजर रख रही थी। सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मी तैनात रहे। कसरावद रोड को नर्मदा ब्रिज से श्रीनगर होकर कोर्ट गेट के सामने से डायवर्शन रोड पर डायवर्ट किया गया था। बस स्टैंड पर आवागमन बंद किया गया था। पुलिस प्रशासन की ओर से एडिशनल एसपी मनोहर सिंह बारिया, एसडीएम अनिल जैन, एसडीओपी मनोहर सिंह गवली, थाना प्रभारी दीपक यादव के साथ पुलिस बल ने शानदार व्यवस्था दी।

मंत्री व कलेक्टर के आदेश हवा में उड़ा रहे अधिकारी

अवैध तरीके से कॉलोनी विकसित करने वालों पर नहीं दे रहे ध्यान

दबंग दुनिया ♦ देपालपुर

मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भोपाल में मीटिंग के दौरान अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा था कि प्रदेश में अवैध कालोनियां बसाने वाले भूमाफियाओं के साथ सख्ती के साथ निपटें। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने भी मीडिया से चर्चा में भूमाफिया पर सख्ती से करने के लिए अधिकारियों को आदेशित करने की बात कही है। बावजूद इसके राजनीति संरक्षण तथा स्थानीय अधिकारियों के लचीले रवैये के चलते भूमाफिया के हौसले बुलंद हैं।

देपालपुर क्षेत्र में भूमाफियों का बोल बाला है। नगर के इंदौर रोड बेटमा रोड गौतमपुरा रोड सहित आसपास के क्षेत्र बेटमा, गौतमपुरा, हातोद में भूमाफिया ने अवैध कालोनियों का जाल बिछा दिया। अधिकारियों की अनदेखी से राजस्व विभाग को भी लाखों रुपयों का नुकसान हो रहा है। भूमाफिया को राजनीतिक संरक्षण के चलते अधिकारी इन पर कार्रवाई करने से कतराते हैं। हालही में पीथमपुर क्षेत्र में प्रशासन ने 30 से 35 अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई की, लेकिन देपालपुर क्षेत्र में आज तक जिम्मेदारों ने भूमाफिया के ऊपर कार्रवाई करना उचित नहीं समझ रहे हैं।

देपालपुर क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक अवैध कालोनियां काटी गई हैं। उपजाऊ भूमि पर प्लाटों को बेचा जा रहा है। सूत्रों का कहना है भूमाफिया भोलेभाले किसानों को अपने जाल में फंसाकर कौड़ियों के दाम पर जमीन को खरीद कर बिना महंगे दामों पर प्लाट बेच रहे हैं। इसमें सरकारी तौर पर पूरी की जाने वाले औपचारिकताओं को भी दरकिनार कर दिया गया है।

सूत्रों ने बताया किसानों से पूरी जमीन का सौदा एग्रीमेंट पर किया जाता है और उसी जमीन को भूमाफिया एक हजार, दो हजार स्क्वेयर फुट के प्लाट बनाकर बेचते हैं। खास बात तो यह है कि प्लाटों की रजिस्ट्री किसानों से करवाई जाती है ताकि भूमाफिया का नाम सामने नहीं आए। अधिकांश अवैध कालोनियां मेन रोड से लगी है जहां से अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है, किंतु अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं देते।

Classified

सस्ते भवन निर्माण

भवन निर्माण का सुनहरा अवसर ऐ क्लास कंस्ट्रक्शन विथ मटेरियल और कुशल लेबर कॉन्ट्रैक्ट भरोसेमंद, निर्माण के साथ इंदौर नगर निगम और ग्राम पंचायत के नक्शे मात्र 7 दिन में पास किए जाते है। इंदौर में बुकिंग पर रो हाउस बंगले किफायती बजट में बनाए जाते हैं।
इंजि. शिवम मौर्य 8839318992
इंजि - विवेक साहू 9993019127

शवयात्रा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करने में आता है कि स्वर्गीय बंशीधर जोशी के ज्येष्ठ सुपुत्र, एडव्होकेट अभिमन्यु जोशी, सुनील जोशी के ज्येष्ठ भ्राता, अर्पित जोशी के पिताजी, अक्षय एवं अंकित के ताऊजी, रिद्देश जोशी के दादाजी **अखिलेश जोशी** का निधन 27 अगस्त को हो गया है, जिनकी शवयात्रा 28 अगस्त को सुबह 11 बजे निज निवास स्थान 114, गौतम नगर, देवास से निकलेगी।

शोकाकुल
समस्त जोशी परिवार, देवास एवं ई सेक्टर, सुदामा नगर, इंदौर

प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
Yellow Diamond
सीआईएन: L15311MP2009PLC021746
पंजीकृत कार्यालय: खसरा नं. 378/2, नेमावर रोड, मकरंद हाउस के पास, पालदा, इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत । **दूरभाष:** (+91 731) 243 9999
ई-मेल: complianceofficer@yellowdiamond.in **वेबसाइट:** www.yellowdiamond.in

कंपनी की 15वीं वार्षिक सामान्य बैठक की जानकारी हेतू सूचना

एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कंपनी की 15वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सोमवार, 23 सितंबर, 2024 को दोपहर 3:30 बजे आईएसटी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के लागू प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के अनुपालन में) विनियम, 2015, परिपत्र संख्या 9/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023, परिपत्र संख्या 10/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022, परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 5 मई, 2022, परिपत्र संख्या 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर, 2021, परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 तथा परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 05 मई 2020 दिनांकित के साथ पाठित: कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और परिपत्र संख्या सेबी / एचओ / सीएफडी / पीओडी - 2 / पी/सीआईआर / 2023/167 दिनांक 7 अक्टूबर, 2023, सेबी / एचओ / सीएफडी / पीओडी - 2 / पी/सीआईआर / 2023/4 दिनांक 5 जनवरी, 2023 सेबी द्वारा जारी सेबी / एचओ / सीएफडी / सीएमडी 2/सीआईआर / पी / 2022 / 62 दिनांक 13 मई, 2022 के साथ पढ़े (सामूहिक रूप से परिपत्रों के रूप में संदर्भित), एजीएम को बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को लेन-देन करने के लिए आयोजित की जाएगी। सदस्य सिर्फ वीसी / ओएवीएम के माध्यम से ही एजीएम में शामिल हो सकेंगे। एजीएम में शामिल होने के निर्देष एजीएम के नोटिस मे दिये जाएंगे।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2023 - 24 जिसमें 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय विवरण, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज कम्पनी के उन शेयरधारकों को ई-मेल द्वारा भेजे जाएगें, जिनके ई-मेल पते कंपनी / डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2023 - 24 कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर व स्टॉक एक्सचेंज यानि बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध होगी साथ ही सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी। वार्षिक रिर्पोट की हार्ड कॉपी सदस्यों के निवेदन पर उन्हें भेजी जाएगी।

रिमोट ई वोटिंग और ई वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट डालने का तरीका:

डीमैटीरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उन्हें रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने का तरीका एजीएम की सूचना में प्रदान किया जाएगा।

ई- वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे ई वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम में मतदान कर सकेंगे। एजीएम के नोटिस में ई वोटिंग सिस्टम के जरिए बोटिंग का तरीका बताया जाएगा।

जिन शेयरधारकों के ईमेल पते कंपनी / डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि बैठक में रिमोट ई- वोटिंग / ई- वोटिंग के लिए वे अपना ईमेल पता / मोबाइल नंबर दर्ज करने के लिए एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें। जो निम्नानुसार संक्षिप्त किया गया है:

भौतिक शेयरधारकों के लिए - कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी) जैसे आवश्यक विवरण einward.ris@kfintech.com पर प्रदान करें।

डीमैट शेयरधारकों के लिए - कृपया अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपने संबंधित डिपॉजिटरी के साथ अद्यतन करें।

व्यक्तिगत डीमैट शेयरधारको के लिए - कृपया अपना ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपने संबंधित डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ अघतन करें जो ई-वोटिंग और डिपॉजिटरी के माध्यम से वर्चुअल मिटिंग में शामिल होने के दौरान अनिवार्य है।

ईमेल पतों को पंजीकृत / अद्यतन करने का तरीका:

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य और जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत / अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे अपना नाम, फोलियो नंबर, ईमेल आईडी और पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति ईमेल के माध्यम से केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, कंपनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट einward.ris@kfintech.com पर भेजकर पंजीकृत / अपडेट करें।

डीमैटेरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्य और जिन्होंने अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अपने ईमेल एड्रेस को रजिस्टर / अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ अपने ईमेल एड्रेस को रजिस्टर / अपडेट करें, जिनके साथ वे अपना डीमैट अकाउंट बनाए रखते हैं।

ई- वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल की जानकारी सदस्यों को ईमेल के माध्यम से भेजी जाएंगी, जिन सदस्यों को ईमेल प्राप्त नहीं होता है या जिनके ईमेल पते कंपनी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, वे केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, शेयर ट्रांसफर एजेंट को einward.ris@kfintech.com पर लिख सकते हैं।

लाभांश प्राप्त करने के लिए अधिदेश दर्ज करने का तरीका:

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर-1 की स्कैन कॉपी जमा करें जिसमें शेयरधारक का बैंक विवरण (बैंक खाता संख्या, बैंक और शाखा का नाम और पता, आईएफएससी) और रद्द चेक पत्र, पासबुक परया बैंक स्टेटमेंट ईमेल द्वारा einward.ris@kfintech.com पर भेजें। फॉर्म आईएसआर-1 कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर उपलब्ध है और शेयर ट्रांसफर एजेंट कि वेबसाइट www.kfintech.com पर भी उपलब्ध है।

डीमैट मोड में शेयर धारित करने वाले शेयरधारकों के लिए अपने डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट्स को अनिवार्य रूप से आवश्यक विवरण जमा करें जिनके साथ वे अपना डीमैट खाता रखते हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से रिमोट ई-वोटिंग, एजीएम मे ई-वोटिंग और वर्चुअल एजीएम में शामिल होने के निर्देशों को ध्यान से पढ़े।

डिपोजटरी यानी सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के लिए डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क विवरण :

लॉगिन के तरीके	हेल्पडेस्क विवरण
सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोलफ्री नं. 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते है।
एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक	लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 022-4886 7000 और 022-2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं।

यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से एजीएम और ई-वोटिंग में भाग लेने के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं या टोलफ्री नं. 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों के लिए श्री राकेश दालवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 से सम्पर्क कर सकते है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें या टोलफ्री नं. 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

कृते प्रताप स्नैक्स लिमिटेड
(हस्ताक्षर)
पराग गुप्ता
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 27 अगस्त, 2024

ANIL PUB.

सिरवेल में धूमधाम से निकाला महादेव का शिवडोला

दबंग दुनिया ♦ भगवानपुरा

वन ग्राम सिरवेल में महादेव का शिवडोला प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास एवम भक्ति भाव के साथ निकाला गया। आयोजन में क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में ढोल मांदल के साथ शामिल हुए। प्राकृतिक गुफा से शिवडोला प्रारंभ हुआ, जो ग्राम के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः समापन स्थल पर पहुंचा। जहां पर महा आरती कर शिवडोले का समापन किया गया। बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच महादेव ने नगर भ्रमण कर जाने प्रजा के हाल। धर्म जागरण परियोजना के प्रांत प्रमुख प्रेमसिंह सिसोदिया ने बताया कि पूर्वजों को महादेव ने सपने में आकर इस स्थान के बारे में बताया था। सिरवेल महादेव ऋषि मार्कंडेय जी की तपोस्थली भी है। पौराणिक काल में इस स्थान का बहुत महत्व हैं। शिवडोले में आकर्षक झाकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोहा, तो वही अखाड़ों में कलाकारों ने हेरतंगेज करतब दिखाए। भगवा पताकाओं से पूरा ग्राम भगवामय हुआ। शिवडोले में शिवभक्तों द्वारा सेवा के स्टॉल भी लगाए गए थे। कार्यक्रम की व्यवस्था दिलीप गुप्ता, सीताराम पाटील, मांगनिया किराड़े, अनिल सोलंकी, मनीष जायसवाल, ग्राम पटेल मिस्ताराम पटेल, अखिलेश जायसवाल, सुभाष पाटीदार सहित आदि आयोजक समिति के सदस्यों ने संभाली। देर शाम को शिवडोले का समापन हुआ।

भारतीय जनता पार्टी की मंडलेश्वर मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित

पहले ही दिन लक्ष्य से अधिक सदस्यों को जोड़ने का प्रयास करें

दबंग दुनिया ♦ मण्डलेश्वर

भारतीय जनता पार्टी मंडल मण्डलेश्वर की सदस्यता अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल के सभागृह में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता खरगोन से विधानसभा प्रभारी जितेंद्र पाटीदार आर्य और महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने की। स्वागत भाषण में डॉ. देवेंद्र पाटीदार ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के हर एक कार्यकर्ता की मेहनत से हमने महेश्वर विधानसभा और खरगोन लोकसभा में जीत दर्ज की है, उसी प्रकार अब हमें 2 सितंबर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान में पहले ही दिन लक्ष्य से अधिक सदस्यों को जोड़ने का प्रयास करना है। विधानसभा प्रभारी जितेंद्र पाटीदार ने सभी उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को सदस्यता अभियान की जानकारी दी और प्रशिक्षण भी दिया कि किस प्रकार मोबाइल के माध्यम से नए सदस्य बनाए जाएंगे। उन्होंने सदस्यता अभियान से जुड़े फोन नंबर, हेल्पलाइन नंबर और अन्य जानकारी भी साझा की। विधायक राजकुमार मेव ने अपने संबोधन में कहा कि हमें इस सदस्यता अभियान को सफल बनाकर लक्ष्य से अधिक संख्या में नए सदस्यों को जोड़ना है, जिसमें इस बार हमारी माता और बहनों को भी सदस्यता के रूप में जोड़ना है। जिस प्रकार आपने विधानसभा और लोकसभा चुनावों में सफलता दिलाई, उसी प्रकार महेश्वर विधानसभा में भी हम लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने में सफलता हासिल करेंगे। इस दौरान विधायक राजकुमार मेव, विधानसभा प्रभारी जितेंद्र आर्य पाटीदार, वरिष्ठ नेता सतीशचंद्र मोयदे, जगदीश मालक, कपूरचंद पाटीदार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मांगीलाल सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कमल कानुड़े, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजुला मेवाड़े, पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रह्मदत्त चौहान, मंडल उपाध्यक्ष दीपक ठाकुर, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरि गाडगे, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लोकेश केवट, मंडल महामंत्री संदीप हिरवे, मंडल मीडिया प्रभारी भरत राठौर, राजेश पंवार, चेतन पाटीदार, गोविंद कोटवार, भगवान पाटीदार, समीर जैन, पवन अग्रवाल, रामेश्वर पाटीदार, अनूप पटेल, मोनू ठाकुर, जनपद सदस्य भीमसिंह चोयल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष जया वर्मा, तुलसीबाई वर्मा, मंडल मंत्री लीला वर्मा, गीता पटेल, पुष्पा व्यास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष सीताराम ठाकुर ने किया और आभार डॉक्टर अमित पाटीदार ने व्यक्त किया।